दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### कक्षा 12 वीं के गणित/व्यावसायिक विषय की परीक्षा में 1312 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा 2020 अंतर्गत रायगढ़ जिले में आज कक्षा 12 वीं गणित/व्यावसायिक पाठ्यक्रम विषय की परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें 1332 दर्ज परीक्षार्थियों में 1312 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### कोरोना वायरस के संबंध में जारी निर्देशानुसार 14 मार्च को आयोजित समस्त बैठक स्थगित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस के संबंध में जारी दिशा-निर्देश के अनुसार 14 मार्च 2020 को सृजन सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक तथा दोपहर 2.30 बजे से आयोजित संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

### कोरोना वायरस के संबंध में राज्य शासन द्वारा एडवाईजरी जारी

**» स्कूल, कालेज सहित आंगनबाड़ी केन्द्र 31 मार्च तक रहेंगे बंद**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से रोकथाम एवं बचाव के संबंध में राज्य शासन द्वारा विभिन्न संस्थाओं तथा आयोजन के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। जिसके तहत समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों तथा स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समस्त शिक्षण संस्थाओं एवं प्रशिक्षणों के साथ अशासकीय विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्व विद्यालयों सहित सभी आंगनबाड़ी तथा मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र 31 मार्च 2020 तक तत्काल प्रभाव से बंद रखे जायेंगे। साथ ही वजन त्यौहार व पोषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा के कार्यक्रम को भी आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है। उक्त अवधि में 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं यथावत पूर्व समय-सारिणी के अनुसार संपन्न होंगी।

### आईटीआई पुसौर के निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी के लिए 20 मार्च तक निविदा आमंत्रित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पुसौर में कम्प्यूटर पेरिफेराल, स्टेशनरी सामान, स्टील आईटम, प्लास्टिक आईटम, बल्ब के एल्युमिनियम कैप ट्यूब लाईट एवं चोक से संबंधित सामग्रियों को निष्प्रयोज्य घोषित किया गया है। जिसकी नीलामी के लिए 20 मार्च 2020 तक निविदा आमंत्रित किया गया है। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर संस्था प्रमुख अथवा स्टोर अधिकारी/ भण्डारी से संपर्क किया जा सकता है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डूमरपाली में विश्व ग्लूकोमा दिवस मनाया गया

**» ग्लूकोमा के लक्षण तथा उससे बचाव के संबंध में दी गई जानकारी**

**» 45 लोगों का नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क चश्मा का किया गया वितरण**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के दिशा-निर्देशन तथा सामुदायिक स्वा.केन्द्र लोईंग के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.जी.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में गत दिवस हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेंटर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डूमरपाली में विश्व ग्लूकोमा दिवस मनाया गया। इस मौके पर ग्रामीण चिकित्सा सहायक श्रीमती ममता पटेल तथा नेत्र सहायक अधिकारी एस.डी.गुप्ता ने ग्लूकोमा के लक्षण तथा उससे बचाव एवं नेत्र संबंधी रोगों के बारे में जानकारी दी एवं नेत्रदान के महत्व को बताया।

### सारंगढ़ एवं बरमकेला में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम स्थगित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छ.ग.शासन परिवार एवं कल्याण विभाग द्वारा नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जारी निर्देश अनुसार सारंगढ़ अनुविभाग अंतर्गत 14 मार्च 2020 को सारंगढ़ तथा 15 मार्च को बरमकेला में महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

# दो अपचारी बालक सहित 3 शातिर चोरों को जूटमिल पुलिस ने पकड़ा

**» आरोपियों से चोरी की 2 दुपहिया वाहन, 3 बैटरी और 11 नग सेनेट्रिंग प्लेट हुए बरामद**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी जूटमिल प्रभारी निरीक्षक अंजना केरकेट्टा के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस स्टाफ द्वारा जूटमिल क्षेत्र में खड़ी वाहनों से बैटरी तथा नाली निर्माण में लगे सेनेट्रिंग प्लेट चोरी करने वाले 02 अपचारी बालक सहित 03 युवकों को पकड़ा गया है, आरोपियों से पूछताछ में कोतवाली थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर से एक एक्टिवा स्कूटी एवं एक हीरो पैशन प्रो काले रंग का भी बरामद किया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गोगा मंदिर राइस मिल जूटमिल के पास रहने वाले विशाल जैन पिता गुलाब चंद्र जैन उम्र 36 साल ठेकेदारी का कार्य करते हैं जिनके द्वारा मिड्ढमुड़ा में नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है जिसमें लगे 11 नग सेनेट्रिंग प्लेट को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था जिस संबंध में दिनांक 02.03.2020 को विशाल जैन द्वारा चोरी की रिपोर्ट (अप.क्र. 204/2020 धारा 379 आईपीसी) पुलिस चौकी जूटमिल में दर्ज कराया गया था।

जूटमिल पुलिस द्वारा चोरी गई मशरूका की पतासाजी की जा रही थी कि आज दिनांक 13.03.2020 को मुखबीर सूचना पर जूटमिल पेट्रोलिंग द्वारा मिड्ढमुड़ा सारथी मोहल्ला में रहने वाले 1- गणेश सारथी उर्फ मनीष सारथी पिता हरीश सारथी उम्र 22 साल को सेनेट्रिंग प्लेट चोरी के संदेह में हिरासत में लेकर पूछताछ किए जिस पर गणेश सारथी द्वारा सेनेट्रिंग प्लेट चोरी करना कबूल किया जिसके कब्जे से 11 नग सेनेट्रिंग प्लेट (कीमती रू.10,000) को बरामद किया गया है। आरोपी गणेश सारथी ने कड़ी पूछताछ करने पर यह भी बताया कि वह अपने मोहल्ले के 2- प्रदीप उर्फ लाला सारथी पिता शंकर सारथी उम्र 22 साल तथा 3- शिवा सारथी पिता मनोज सारथी उम्र 22 साल एवं मोहल्ले के दो अन्य बालक उम्र 16, 17 वर्ष के साथ 2 सप्ताह पूर्व ट्रांसपोर्टनगर के पास खड़ी वाहनों से 03 नग बैटरी चोरी किये थे और गणेश सारथी अपने साथी शिवा सारथी और अपचारी बालक 16 वर्ष के साथ बैकुंठपुर में होंडा एक्टिवा सीजीवीएक्सएच - 2810 तथा एक मोटर सायकल पैशन प्रो ब्लैक कलर चोरी कर छिपाकर रखे हैं। आरोपी गणेश के मेमोरेंडम के आधार पर शिवा सारथी, प्रदीप उर्फ लाला सारथी तथा दोनों अपचारी बालकों से पूछताछ किये जाने पर बैटरी चोरी एवं दुपहिया चोरी का खुलासी हुआ है। आरोपियों के निशांदेही पर 03 नग बैटरी (कीमती रू.30,000) एवं होंडा एक्टिवा, मोटर सायकल पैशन प्रो (रू.25,000) को बरामद किया गया है। जप्त बैटरी एवं दुपहिया के संबंध में आरोपियों के विरुद्ध इसतगासा क्रमांक 02, 03/2020 धारा 41(1+4) सीआरपीसी/ एक्स/ आईपीसी कार्यवाही कर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी अंजना केरकेट्टा के निर्देशन पर कार्य करने वाले सहायक उपनिरीक्षक यु.एस. विश्वाल, क्षितेश्वर गुप्ता, प्रधान आरक्षक महेंद्र खरे, आरक्षक कीर्तन यादव, बसंत सिदार, बनारसी सिदार एवं प्रताप बेहरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## जमीन विवाद की रंजिश पर चाचा ने भतीजे पर तलवार से हमला, जुर्म दर्ज

**» आरोपी गिरफ्तार भेजा गया रिमांड पर**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चौकी जोबी में दिनांक 13.03.2020 को दिलेश्वर सिदार पिता उमेन्द्र सिंह सिदार उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम खडगांव द्वारा जमीन का विवाद को लेकर गांव के इतवार सिंह पिता मंगल सिंह जो इसका चाचा है। इतवार सिंह द्वारा तलवार से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।



रिपोर्टकर्ता ने बताया कि गांव के ही सप्ताहिक बाजार में मुर्गा दुकान लगाता हूं दिनांक 12.03.2020 को शाम करीबन 06:00 बजे इतवार सिंह सिदार हाथ में तलवार लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए गले के पीछे प्राण घातक वार कर चोंट पंहुचाया, सम्भल भी नहीं पाया था कि पुनः तलवार से हमला करने पर अपने हाथों से रोकने का प्रयास किया तो दाहिने हाथ के कलाई के उपर चोंट आया है।

रिपोर्ट पर आरोपी इतवार सिह s/o मंगलसिंह सिदार 60वर्ष के विरूद्ध अप.क्र. 138/2020 धारा 307, 506 बी भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## भवन का ताला तोड़कर इलेक्ट्रानिक समान सीपीयू (15000 रूपये) व प्रिंटर चोरी जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना बरमकेला अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुम्हारी जनपद पंचायत के पंचायत भवन में रखे इलेक्ट्रानिक समान सीपीयू (15000 रूपये) व प्रिंटर (15000 रूपये) को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पंचायत भवन के ताला तोडकर दिनांक 10/03/2020 को रात के दरम्यानी रात चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट आज दिनांक 13.03.2020 को ग्राम सरपंच सरिता सिदार उम्र 26 वर्ष द्वारा थाना बरमकेला में दर्ज कराया गया है , रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी केविरूद्ध अप.क्र. 34/2020 धारा 457, 380 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण स्थगित

**» कोरोना वायरस के संबंध में राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी आदेश तक प्रशिक्षण रहेंगे स्थगित**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस के संबंध में जारी दिशा-निर्देश के अनुसार पंचायत राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र रायगढ़ में दिनांक 16 मार्च 2020 से नवनिर्वाचित सरपंचों एवं दिनांक 30 मार्च 2020 से नवनिर्वाचित जनपद उपाध्यक्षों एवं सदस्यों का प्रशिक्षण, जनपद पंचायतों में जनपद पंचायत संसाधन केन्द्र में दिनांक 16 मार्च 2020 से आयोजित पंचों का प्रशिक्षण व निमोरा रायपुर में जिला पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों तथा सदस्यों सहित जनपद पंचायत अध्यक्षों का दिनांक 16 से 18 मार्च 2020 तक आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए है।

## शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना लैलूंगा में दिनांक 13.03.2020 को 19 वर्षीय युवती द्वारा ग्राम नारायणपुर का सुभाष निषाद द्वारा शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट किया गया है। युवती बतायी कि सुभाष निषाद होने के नाते सुभाष निषाद का घर आना जाना था जो युवती के साथ प्रेम प्रसंग बनाकर शादी करूंगा कहकर 14 अगस्त 2019 को सुभाष निषाद युवती को गांव के कुछ दूर मंदिर के पास बुलाया और जबरन शारिरीक संबंध बनाया। युवती अपने घर में बतायी तो सुभाष निषाद उसके घरवालों को भी शादी करूंगा कहकर भरोसा दिलाया और अब युवती के घर आना जाना बंद कर दिया और युवती से बात चीत बंद करदिया। युवती के रिपोर्ट पर आरोपी युवक के विरूद्ध अप.क्र. 44/2020 धारा 376 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

## तेलीकोट, फोकटपारा में चौकी खरसिया पुलिस की शराब रेड कार्यवाही

**» आरोपी महिला एवं पुरूष से 12 लिटर कच्ची महुआ शराब जप्त**





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी खरसिया प्रभारी उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम के नेतृत्व में चौकी स्टाफ द्वारा आज दिनांक 13.03.2020 को ग्राम तेलीकोट के फोकट पारा में रहने वाली सुखन बाई भारती उम्र 48 वर्ष एवं ईश्वर भारती पिता स्व. राजू भारती उम्र 24 वर्ष के घर पर दबिश देकर क्रमशः 4 एवं 8 लिटर कच्ची महुआ शराब जुमला 12 लिटर शराब कीमती 1200/- रूपये को जप्त किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी की तेलीकोट में इनके घर पर अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है। आरोपियों के विरूद्ध थाना खरसिया में आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है ।

**» पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा**

**» ग्रामीण विकास की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए**

## मनरेगा में अच्छा प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ ने स्थापित किए हैं नए बेंचमार्क - टी.एस. सिंहदेव

**रायपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज यहां नवीन विश्राम भवन में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।



उन्होंने अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू और सचिव श्री टी.सी. महावर के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से जिलों में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सांसद एवं विधायक आदर्श ग्राम योजना सहित पंचायत संचालनालय और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यों की समीक्षा की गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने मनरेगा में छत्तीसगढ़ में लगातार हो रहे अच्छे कार्यों के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि इस प्रदर्शन को लगातार बनाए रखना है। मनरेगा के विभिन्न मानकों पर लगातार शीर्ष राज्यों में शामिल होकर छत्तीसगढ़ ने नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। इससे प्रेरणा लेकर शीर्षस्थ राज्यों में स्थान बरकरार रखने आगे भी अच्छा प्रदर्शन जरूरी है।

## मुख्यमंत्री ने डोंगरगढ़ में आधुनिक रोप-वे का किया लोकार्पण

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रंगपंचमी के पावन अवसर पर राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर के छिरपानी प्रांगण में नवनिर्मित मां बम्लेश्वरी उड़न खटोला (रोप-वे) का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री अतिथियों के साथ रोप-वे से पहाड़ी पर स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की प्रगति, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा।



कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक डोंगरगढ़ भूनेश्वर शोभाराम, विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अब यहां एक नगर पालिका का और एक मंदिर ट्रस्ट का रोप-वे हो गया है। दो रोप-वे होने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन करने में काफी सुविधा होगी। यहां लाखों की संख्या में हर वर्ष श्रद्धालु आते हैं। उनकी सुविधा के लिए यह व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि अत्याधुनिक रोप-वे के प्रारंभ होने से मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को एक अच्छी सुविधा मिलेगी।

### राज्यसभा में सांसद नेताम ने उठाया अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन का मुद्दा

**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम ने राज्यसभा में प्रश्न के माध्यम से अंबिकापुर बरवाडीह रेल लाइन के विषय को सदन में उठाया। नेताम ने अपने प्रश्न में पूछा की छत्तीसगढ़ में ऐसी कितनी रेल परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण किया जा चुका है और स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है कार्य शुरू नहीं हुआ है। क्या यह भी सच है कि चिरमिरी-बरवाहडीह रेल परियोजना का सर्वेक्षण पूरा हो जाने के पश्चात भी आज की तारीख तक कोई कार्य शुरू नहीं किया गया है।

## पांच सिंचाई योजनाओं के लिए 7 करोड़ रूपए से ज्यादा राशि स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने बस्तर अंचल की पांच सिंचाई योजनाओं के कार्यो के लिए सात करोड़ 36 लाख 10 हजार एक सौ रूपए स्वीकृत किए हैं। स्वीकृत सिंचाई योजनाओं के अंतर्गत बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर की देवड़ा जलाशय के बांध के विभिन्न कार्यो के लिए एक करोड़ 29 लाख 40 हजार रूपए शामिल हैं, इन परियोजनाओ के पूर्ण हो जाने पर 70 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा हो जाएगी।


बस्तर जिले के ही विकासखण्ड बस्तर की बालेंगा जलाशय के बांध के कार्यो के लिए एक करोड़ 20 लाख 41 हजार एक सौ रूपए स्वीकृत किए है। प्रस्तावित इन कार्यो के पूर्ण होने पर 63 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है। कोण्डागांव जिले के विकासखण्ड माकड़ी की ओडेण्टा एनीकट निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 36 लाख 41 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है, कार्य के पूर्ण हो जाने पर निस्तारी, पेयजल, भू-जल संवर्धन और क्षेत्रीय किसानों द्वारा स्वयं के साधन से लगभग 110 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है। इसी जिले के माकड़ी विकासखण्ड के जरण्डी एनीकट निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 99 लाख 89 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है, एनीकट निर्माण कार्य पूरा होने पर क्षेत्र में निस्तारी, पेयजल, भू-जल संवर्धन और क्षेत्रीय किसानों द्वारा स्वयं के साधनों से 90 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। माकड़ी विकासखण्ड के ही मार्कडीय नदी पर अनंतपुर स्टापडेम निर्माण कम काजवे कार्य के लिए एक करोड़ 49 लाख 99 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है, कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्र में निस्तारी, पेयजल, भू-जल संवर्धन और क्षेत्रीय किसानों द्वारा स्वयं के साधनों से लगभग 50 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है।

## धरमजयगढ़ परियोजना सलाहकार मण्डल की बैठक में 7.22 करोड़ के कार्यों का हुआ अनुमोदन

**» 7 विकासखण्डों के 230 ग्रामों के 22550 हितग्राही होंगे लाभान्वित**

**» परियोजना सलाहकार मण्डल के अध्यक्ष लालजीत सिंह राठिया एवं उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल तथा विधायक चक्रधर सिंह सिदार रहे मौजूद**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना धरमजयगढ़ के परियोजना सलाहकार मण्डल की बैठक गत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में परियोजना सलाहकार मण्डल अध्यक्ष व धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया तथा उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुई।




बैठक में विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल भी मौजूद रहे।

बैठक में परियोजना अंतर्गत अनुसूचित जनजातियों के विकास हेतु स्वीकृत विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में अध्यक्ष लालजीत सिंह राठिया ने विभागों द्वारा प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस परियोजना अंतर्गत योजनाओं का निर्माण कृषि तथा ग्रामीण आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा ग्रामीण क्षेत्र विकास को केन्द्र में रखकर की जानी चाहिए तथा पिछड़े इलाकों में जमीनी स्तर तक इसका लाभ पहुंचना सुनिश्चित हो, जिससे कि योजनाएं सार्थक सिद्ध हो सके। उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों की गहन समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों में आश्रम शाला तथा छात्रावासों में शुद्ध पेयजल व सोलर लाईट की व्यवस्था तथा लाईब्रेरी निर्माण, कन्या छात्रावासों में बालिकाओं के लिए सेनेटरी नेपकिन, स्वास्थ्य सेवा अंतर्गत सिकल सेल के बेहतर इलाज को प्राथमिकता दें।

उन्होंने उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रस्तावित मुनगा, टमाटर, आलू की खाद्य प्रसंस्करण प्लांट तथा कृषि विभाग द्वारा नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी अंतर्गत कृषि प्रणाली के पुनरूद्धार की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही रेशम आधारित आजीविका अंतर्गत कोसा धागा निर्माण कार्य को एनआरएलएम से जोड़ते हुए कार्य के लिए महिला स्व-सहायता समूहों के चयन के निर्देश भी दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHH-